भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3237

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मिश्रिख में प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों में सुधार

3237. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के मिश्रिख के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों (पीएचसी) में सुधार तथा गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए जिला स्तर पर एक प्रमुख सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या उक्त अस्पतालों की स्थापना से प्रतिदिन लाभान्वित होने वाले गरीब मरीजों की अनुमानित संख्या के संबंध में कोई आकलन किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उक्त अस्पतालों को कब तक स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है और इस संबंध में कितनी निधि खर्च किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): 'जन स्वास्थ्य और अस्पताल' राज्य का विषय है, और आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों की आयोजना बनाने, उन्हें लागू करने, उनका रख-रखाव करने तथा स्थापित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी उस राज्य सरकार की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में उनके संसाधन सीमा के दायरे में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर उनकी स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, सीतापुर जिले में मिश्रिख विकास खंड के अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इमारतों, उपकरणों, औषधियों, मानव संसाधनों और अन्य बुनियादी अवसंरचना सुविधा केंद्रों को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक उपाय किए जाते हैं।

जैसा कि उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना से दैनिक रूप से लाभान्वित होने वाले अनुमानित गरीब मरीजों की संख्या के संबंध में कोई अलग विस्तृत आकलन उपलब्ध नहीं है। तथापि, सीतापुर जिले में स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्रों को सुदृढ़ किया गया है ताकि क्षेत्र के सभी निवासियों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं का लाभ मिल सके।

इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि वर्तमान में एक नए अस्पताल की स्थापना के लिए कोई अलग परियोजना प्रस्तावित नहीं की गई है।

*****